Awareness program by Electoral Literacy Club

NSS Hknahan 11 Mar, 2024

राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व Electoral Literacy Club के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 07 मार्च 2024 को महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई, उसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार द्वारा वोट के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जो विद्यार्थी पहली अप्रैल तक 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैं वे संबंधित पंचायत के बीएलओ से मिलकर मतदाता के रूप में पंजीकरण करवा ले तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में मत का प्रयोग अवश्य करें। उसके उपरांत विद्यार्थीयों द्वारा "मेरा पहला वोट' विषय पर पोस्टर मेकिंग कर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदया व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के अतिरिक्त प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. सुध्यान नेगी, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश तोमर, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराव तथा पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती किरण कांत उपस्थित रहे।